मेरा भोलेनाथ ऐसा भक्तो का रखवाला हैं,
तर्ज एक तेरा साथ हमको।

मेरा भोलेनाथ ऐसा,
भक्तो का रखवाला हैं,
सचमुच में भोला भाला है,
मेरा भोलेनाथ।

है भांग का रसिया,
कैलाश का बसिया,
रमिया राम रंग का,
है चंद्र मस्तक पर,
गले में है विषधर,
है धारक गंग का,
शरणागत की प्रेम भक्ति का,
यही देव मतवाला है,
सचमुच में भोला भाला है,
मेरा भोलेनाथ।

संसार की सारी,
माया समाई है,
शिव के झोले में,
खुद के लिए कुछ ना,
भक्तो को सबकुछ हा,
ये शिव के ध्यान मे,

ऐसा वरदानी,
यह गौर मैया का,
घरवाला है,
सचमुच में भोला भाला है,
मेरा भोलेनाथ।

विजया की उमंग,
धतूरे की तरंग,
नयन भये रतनारे,
बजे पैर घुंघरू,
संग बाजता डमरू,
भये सब मतवारे,
भक्तो का प्रतिपाल,
जिसने हर बाधा को टाला है,
सचमुच में भोला भाला है,
मेरा भोलेनाथ।

Source:
https://www.bharattemples.com/mera-bholenath-esa-bhakto-ka-rakhvala-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw